# National Constitution Day Celebration

## धामी कॉलेज में संविधान दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

दैनिक आवाज जनादेश/सुन्नी

राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील में बुधवार को संविधान दिवस बड़े उत्साह, सम्मान और अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. मनीला गुप्ता द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संविधान की शपथ दिलाने के साथ हुई। मंच संचालन समीर बीए तृतीय ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा संविधान विषयक पीपीटी प्रस्तुतियाँ और



व्याख्यान दिए गए। बीए तृतीय वर्ष के साहिल ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से संविधान की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पायल ने संविधान के उद्देश्यों पर व्यापक और सारगर्भित चर्चा की। रीना और गीतांजलि ने अपनी प्रस्तुति में संविधान के प्रमुख संशोधनों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. आई. डी. शर्मा ने संवैधानिक मूल्य और प्रासंगिकता विषय पर प्रेरक तथा ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय संविधान की मूल भावना को जीवन में उतारने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह कंवर ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की एवं विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। अंत में प्रो. नमिता सी. खागटा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी शिक्षक-कर्मचारियों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

## महाविद्यालय धामी में मनाया संविधान दिवस

शिमला। महाविद्यालय धामी में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रो. मनीला गुप्ता ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई। मंच संचालन बीए तृतीय वर्ष के समीर ने किया। बीए तृतीय वर्ष के साहिल ने संविधान निर्माण प्रक्रिया को सरल रूप में समझाया। पायल ने संविधान के उद्देश्यों पर विचार रखे। रीना और गीतांजलि ने प्रमुख संवैधानिक संशोधनों पर प्रस्तुति दी।

मुख्य वक्ता डॉ. आईडी शर्मा ने भारतीय संविधान की मूल भावना, नागरिक कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने विद्यार्थियों की सराहना की। संवाद



# धामी कॉलेज में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**सुन्नी**। राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील में बुधवार को संविधान दिवस बड़े उत्साह, सम्मान और अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. मनीला गुप्ता द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संविधान की शपथ दिलाने के साथ हुई। मंच संचालन समीर बीए तृतीय ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा संविधान विषयक पीपीटी प्रस्तुतियां और व्याख्यान दिए गए। बीए तृतीय वर्ष के साहिल  ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से संविधान की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पायल ने संविधान के उद्देश्यों पर व्यापक और सारगर्भित चर्चा की। रीना और गीतांजलि ने अपनी प्रस्तुति में संविधान के प्रमुख संशोधनों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

